भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1257
गुरूवार, 5 दिसम्बर, 2024/14 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

हरियाणा में पर्यटन को बढ़ावा देना

1257 श्रीमती किरण चौधरी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में, विशेषकर हरियाणा में, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा की गई पहल का ब्यौरा क्या है;

(ख) विशेष रूप से हरियाणा के संदर्भ में पर्यटन सर्किटों के विकास की स्थिति कैसी है; और

(ग) गत तीन वर्षों दौरान इन पर्यटन सर्किटों के लिए आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय संवर्धनात्मक कार्यक्रमों, मेलों और महोत्सवों के आयोजन हेतु राज्य सरकारों को सहायता, प्रदर्शनियों में भागीदारी आदि सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से एक पर्यटक गंतव्य के रूप में भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है। मंत्रालय अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया के माध्यम से भी हरियाणा सहित विभिन्न पर्यटक गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है।

पर्यटन मंत्रालय आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच), स्वदेश दर्शन, तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) संबंधी राष्ट्रीय मिशन और पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता नामक अपनी योजनाओं के तहत हरियाणा सहित राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को पर्यटन के संवर्धन और विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत कुरुक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थानों यथा ब्रह्म सरोवर, ज्योतिसर, नरकातारी, संहित सरोवर पर कृष्ण परिपथ के अंतर्गत पर्यटन अवसंरचना का विकास किया है और पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय ऐजेंसियों को

सहायता नामक योजना के तहत यादविन्द्र उद्यान, पिंजौर में साउंड एंड लाइट शो तथा तिलयार झील पर मल्टी मीडिया/लेजर शो की व्यवस्था की है।

पर्यटन मंत्रालय ने देश के पर्यटन हितधारकों के लिए कुरूक्षेत्र, हरियाणा में महाभारत परिपथ सम्मेलन और परिचय यात्रा का भी आयोजन किया।

इस मंत्रालय ने देश में स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों और स्थानीय सरकारों की साझेदारी से पर्यटन स्थलों के एकीकृत विकास के लिए एक मजबूत कार्यढांचा तैयार करने के मिशन के साथ अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 के तौर पर नया रूप दिया है। इस योजना के तहत हरियाणा में पंचकुला (मोरनी) को विकास के लिए चुना गया है।

हरियाणा राज्य में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

****

अनुबंध

श्रीमती किरण चौधरी द्वारा हरियाणा में पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 05.12.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1257 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

पिछले तीन वर्षों के दौरान हरियाणा राज्य में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

(राशि करोड़ रु. में)

योजना	**वर्ष**	**परियोजना**	**स्वीकृत राशि**	**जारी राशि**
तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान	2019-20	माता मनसा देवी मंदिर और नाडा साहेब गुरुद्वारा का विकास	48.53	34.68
आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार	2019-20	मैंगो मेला	25.00	25.00
		विरासत महोत्सव	25.00	25.00
		सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला	30.00	30.00
	2021-22	सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला	30.00	30.00
	2022-23	सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला	30.00	30.00

******